गुरुवार
13 अक्टूबर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



मिड डे मील में मेढ़क मिलने के बाद विभाग हुआ सख्त, एनजीओ से मांगा स्पष्टीकरण 4

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## छोटी खबरें

### 15 तक राज्य के 38 जिलों में बारिश की संभावना

**पटना।** राज्य पर जाते-जाते मानसून मेहरबान है। मौसम विभाग ने बुधवार को राज्य के 38 जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है। राज्य के दक्षिण-पूर्व, दक्षिण-मध्य और उत्तर-पूर्व भाग में कई जगहों पर बारिश हो सकती है। जबकि अन्य भाग में हल्की बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। इस हफ्ते ही बिहार से मानसून की विदाई संभव है। वहीं मौसम विभाग ने बिहार के सभी जिलों में अगले 24 घंटे तक भारी बारिश और बिजली को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। इधर मौसम विभाग ने प्रदेश के 38 जिलों में भारी बारिश होने की संभावना जताई है। पटना, कटिहार, मधेपुरा, भागलपुर, नवादा, खगड़िया, सीतामढ़ी,मुंगेर, वैशाली, जमुई, पश्चिमी चंपारण,शिवहर, दरभंगा, पूर्वी चंपारण , नालंदा, रोहतास, भोजपुर, किशनगंज, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, समस्तीपुर, गया, कैमूर, मधुबनी, गोपालगंज, बाँका, सीवान, बक्सर, औरंगाबाद, पूर्णिया, अररिया, सारन, अरवल, शेखपुरा, सहरसा, जहानाबाद, सुपौल और लखीसराय शामिल हैं।

### मंडल कारा में बंद कैदी की मौत

**बेगूसराय।** जिले के मंडल कारा में बंद एक विचाराधीन कैदी की संदेहास्पद मौत के बाद जेल प्रशासन सवालों के घेरे में है। मृतक के परिजनों का सीधा सीधा आरोप है कि पुलिस ने इलाज में लापरवाही की जिस वजह से मौत का आरोप लगाया है। घटना के बाद जेल प्रशासन बंदी पंकज कुमार की बीमारी से मौत बता रही है। बंदी पंकज की मौत के बाद उनके परिजनों ने सदर अस्पताल में जमकर बवाल मचाया एवं हंगामा किया, तो वहीं जिला प्रशासन की टीम इस मामले में पल्ला झाड़ते नजर आई। परिजनों के अनुसार 7 सितंबर को ढाबे पर खगरिया के कुछ ग्राहक आए एवं खाना खाने लगे। इस दौरान उन्होंने वहां पर नशे का सेवन भी किया। लेकिन पुलिस ने ग्राहक को छोड़ दिया और पंकज कुमार को पकड़कर मंडल कारा में बंद कर दिया। पुलिस के द्वारा पंकज कुमार पर अपने होटल में 50 ग्राम गांजा रखने का आरोप लगाया गया।

# मिशन 60 की तैयारी का जायजा लेने मैदान में उतरेगी दो सदस्यीय टीम

- 13 से 15 अक्टूबर तक दो सदस्यीय टीम राज्य के सभी जिला अस्पतालों का करेगी निरीक्षण
- अस्पतालों की स्वास्थ्य सुविधाओं का लेगी जायजा
- प्रत्येक जिले के पर्यवेक्षण के लिए बनाई गई है टीम

**केटी न्यूज/पटना**



राज्य के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए अभियान की मुकम्मल तैयारी को लेकर स्वास्थ्य विभाग 24/7 की तर्ज पर मिशन 60 मोड के तहत कार्य करने की योजना बना रही है। इस मुहिम को अमलीजामा पहनाने के लिए विभाग राज्य के सभी जिला अस्पतालों के क्लीनिकल और सर्पोट सेवाओं की अद्यतन स्थिति का पता लगा रही है। इसके लिए पहले भी दो सदस्यीय टीम गठित की गई थी। जिसने सितम्बर माह में राज्य के सभी जिला अस्पतालों में जाकर वहां की स्वास्थ्य सुविधाओं की रिपोर्ट राज्य स्वास्थ्य समिति को सौंपी थी। दूसरी बार फिर आज यानि 13 अक्टूबर से लेकर 15 अक्टूबर तक दो सदस्यीय टीम राज्य के सभी जिला अस्पतालों का निरीक्षण कर वहां की स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेगी । इस अवधि में एनक्यूएएस एवं कायाकल्प चेकलिस्ट का उपयोग करते हुए गैप एसेसमेंट के साथ-साथ निम्न बिंदुओं पर अपनी रिपोर्ट सौपेंगी ।

**निम्न बिन्दुओं पर सौंपी जाएगी रिपोर्ट:** ज्ञात हो कि मिशन 60 मोड के तहत जिला अस्पतालों में निम्न बिंदुओं पर अद्यतन रिपोर्ट सौंपी जानी है। पहला सदर अस्पताल में मिशन 60 के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नोडल ऑफिसर नामित हैं या नहीं, वार्ड एवं बाहर की साफ-सफाई, नाले की उड़ाही एंव सभी शौचालय की सफाई एवं पेयजल की उपलब्धता, भवन के ऊपर उगे पौधों एवं झाड़ की कटाई, भवन की रंगाई-पुताई, बिजली की उपलब्धता 24/7 की तर्ज पर रहे, अस्पताल में ट्रांसफार्मर एवं बिजली फीडर की उपलब्धता, सदर अस्पताल में संकेतक व सुरक्षा के लिए सीसीटीवी लगाए या नहीं, फोन कनेक्टिविटी की सुविधा एसएनसीयू, ओपीडी, ईमरजेंसी रूम एवं एंबुलेंस में है या नहीं। इसके अलावा सामान्य शल्य चिकित्सा तथा हड्डी रोग विभाग में प्रमुख सर्जरी आरंभ करना। बाहय रोगी विभाग जैसे दंत चिकित्सा विभाग, औषधि विभाग, शल्य विभाग, चर्म व नेत्र रोग विभाग, नाक, कान व गला, मानसिक स्वास्थ्य, प्रसव पूर्व जांच समेत शिशु रोग विभाग को क्रियाशील बनाना सुनिश्चित करना है। साथ ही रेफरल एवं एंबुलेंस सेवाओं की उपलब्धता और दवाइयों की रियल टाइम उपस्थिति जरूरी है। सबसे अहम यह है कि सभी जिला अस्पतालों में एनक्यूएएस मानकों के अनुरूप रोगियों के लिए वेटिंग रूम, पीने का पानी एवं वाशरूम की व्यवस्था करना सुनिश्चित कराना है।

**कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति ने जारी किया पत्र :** इस बाबत बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने पत्र जारी कर राज्य के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में गुणात्मक सुधार बनाये रखने एवं उत्तरोत्तर सुधार के लिए सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण के लिए निर्देश जारी किया है। जिसके तहत प्रत्येक जिले के पर्यवेक्षण हेतु दो सदस्यीय टीम बनाई गई है। उक्त टीम सभी जिला अस्पतालों का निरीक्षण कर उनके त्वरित निराकरण हेतु प्राथमिकता के आधार पर 15 दिन में प्राप्त करने योग्य विस्तृत कार्ययोजना पर अपनी रिपोर्ट 20 अक्टूबर तक साझा करना सुनिश्चित करें।

# जानलेवा हुआ डेंगू का डंक

## बक्सर के राजपुर प्रखंड के युवक की डेंगू से मौत

- मंगलवार तक बिहार में इस साल अब तक 3568 डेंगू मरीज मिले
- इनमें सबसे ज्यादा 2756 मरीज पटना के रहनेवाले
- डेंगू के उपचार में एस्प्रीन या बुफ्रेन की गोली नहीं लेने की सलाह

**केटी न्यूज/पटना**



डेंगू का डंक डराने लगा है। मच्छरों के काटने से होनेवाली इस बीमारी से बुधवार को बक्सर के राजपुर प्रखंड के मंगराव पंचायत के उतड़ी गांव निवासी दीपक कुमार नाम के एक युवक की मौत हो गई। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन गांववालों के अनुसार दीपक को डेंगू हो गया था। स्थानीय स्तर पर उसका इलाज चल रहा था। इस दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर के चिकित्सा प्रभारी डॉ अशोक कुमार भी डेंगू की चपेट में आ गये हैं। जिनका इलाज पटना में चल रहा है। डेंगू की चपेट में आकर बिहार में अब तक चार लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। मच्छर जनित इस बीमारी ने धीरे-धीरे पूरे बिहार में अपना पांव पसार लिया है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार मंगलवार तक 3568 कुल डेंगू मरीजों की पुष्टि हुई है। इनमें सबसे ज्यादा 2756 मरीज पटना में मिले हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण ब्लड बैंक व अस्पतालों में प्लेटलेट्स की भारी कमी हो गई है। जिन मरीजों में प्लेटलेट्स की मात्रा बेहद कम हो जा रही है, डॉक्टर तत्काल उन्हें प्लेटलेट्स चढ़ाने की बात कह रहे हैं। ऐसे में मरीजों के परिजन प्लेटलेट्स के लिए एक ब्लड बैंक से दूसरे ब्लड बैंक भाग रहे हैं। डेंगू के बढ़ते मामलों ने हर आम व खास को परेशान कर दिया है। आमतौर पर जिस साधारण बुखार को लोग हल्के में लेकर खुद अपना इलाज कर रहे हैं। उनके लिए यह खतरे की घंटी है। क्योंकि यह कोई साधारण बीमारी नहीं, समय रहते सही से इसका इलाज नहीं किया गया तो इससे जान जाने का भी खतरा है।

**अलर्ट मोड में है बिहार, आपात स्थिति में 104 नंबर डायल करें :** बिहार में डेंगू को लेकर राज्यव्यापी अलर्ट जारी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अलर्ट के माध्यम से लोगों से अपने-अपने घरों के आसपास और छत के ऊपर किसी डिब्बे या टूटे-फूटे बर्तनों या अन्य स्थानों पर पानी जमा नहीं होने देने की अपील की गई है। ताकि, इन जगहों पर डेंगू के मच्छर को पनपने का मौका नहीं मिले। डेंगू के उपचार में लोगों को एस्प्रीन या बुफ्रेन की गोलियां लेने से मना किया गया है। किसी भी आपात स्थिति में निशुल्क 102 एंबुलेंस की सेवा लेने या टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर 104 डायल किया जा सकता है। राज्य के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं सदर अस्पतालों में डेंगू के इलाज की निशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है।

**अस्पतालों में पर्याप्त किट की व्यवस्था करने और बेड बढ़ाने का निर्देश:** डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने दो दिन पहले ही समीक्षा बैठक की है। उन्होंने डेंगू की जांच के लिए अस्पतालों में पर्याप्त किट की व्यवस्था सुनिश्चित करने और अनुमंडल से लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में बेड बढ़ाने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिया है। मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों व सिविल सर्जनों, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य व अधीक्षकों, नगर आयुक्तों व नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारियों से बात की और डेंगू के इलाज को लेकर दिशा-निर्देश जारी किया। पीएमसीएच में 100 बेड व शेष सभी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में 50-50 बेड, जिला अस्पतालों में 10-10 बेड व अनुमंडलीय अस्पतालों में 5-5 बेड आरक्षित करने को कहा है। डेंगू के भर्ती मरीजों के लिए अस्पताल में मच्छरदानी की आपूर्ति होगी।

**बक्सर डीएम ने दवाओं के छिड़काव का दिया है निर्देश :** डेंगू की रोकथाम एवं उस पर नियंत्रण को लेकर बक्सर के जिलाधिकारी अमन समीर ने मंगलवार को बैठक कर कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर एवं डुमरांव को साफ सफाई रखने एवं नियमित रूप से मच्छर मारने वाली दवाओं का छिड़काव करने का निर्देश दिया। यह भी निर्देश दिया गया कि जहां जलजमाव रहता है। वहां उचित प्रबंध किया जाए। दवाओं का छिड़काव किया जाए।

## डेंगू पर बढ़ी रार, आमने-सामने आए भाजपा व जदयू

**पटना।** विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को बिहार में तेजी से बढ़ रहे डेंगू के मामले में सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खुल रही है। दिन-प्रतिदिन डेंगू के मामले बढ़ रहे है और मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री अन्य राज्यों के दौरे पर हैं। विजय सिन्हा ने कहा कि सुशासन का दंभ भरा जा रहा है। लेकिन, राज्य की हालत क्या है, विचार करने की जरूरत है। राजधानी पटना सहित नालंदा में डेंगू के मामले में लगातार वृद्धि हो रही है। स्थिति यह है कि बीमार लोगों को अब अस्पताल में बेड तक नहीं मिल रही है। नेता प्रतिपक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों का पलटवार करते हुए जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि विजय सिन्हा की दिमागी हालत ठीक नहीं है।

## सरकारी स्कूल के बच्चों को अब पैसे नहीं, मिलेंगी किताबें

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के सरकारी स्कूलों में पढ़नेवाले बच्चों को अब किताब खरीदने के लिए पैसे नहीं मिलेंगे। उन्हें निःशुल्क में किताबें उपलब्ध कराई जाएंगी। राज्य सरकार नए सत्र से इस व्यवस्था को लागू करने की तैयारी में है। 6 से 14 साल के बच्चों के अनिवार्य एवं मुफ्त शिक्षा कानून (आरटीई) के तहत निशुल्क किताबें उपलब्ध कराने को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वीकृति प्रदान की है। जल्द ही प्रकाशक तय किए जाएंगे। शिक्षा विभाग नए सत्र 2023-24 से 72 हजार प्रारंभिक विद्यालयों के तकरीबन डेढ़ करोड़ बच्चों को मुफ्त किताब उपलब्ध कराएगा। बच्चों को किताबों का सेट बनाकर अप्रैल के पहले हफ्ते में वितरण सुनिश्चित कराने की तैयारी है। देश के ज्यादातर राज्यों में शिक्षा के अधिकार के तहत प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थियों को किताबें ही मुहैया कराई जाती हैं। बिहार में भी 5 साल पहले यही व्यवस्था लागू थी लेकिन प्रकाशक तय करने, किताबें छापने, उन्हें जिला, प्रखंड और पंचायत तक पहुंचाने तथा विद्यालय ले जाकर हर बच्चे को देने तक में किसी सत्र में अक्टूबर तो किसी सत्र में दिसम्बर में जाकर किताब वितरण संभव हो पाता था। इसे सत्र 2017-18 में किताब देने की जगह बच्चों के खाते में पैसा देने का बिहार सरकार ने निर्णय लिया था। पिछले पांच सत्र से पहली से पांचवीं के बच्चों को 250 रुपए जबकि कक्षा 6 से आठ के बच्चों को 400 रुपए पुस्तक क्रय के एवज में उनके खाते में दिया जा रहा है।

## मारपीट व फायरिंग में गोली लगने से पूर्व मुखिया के बेटे की मौत, मुखिया जख्मी

**केटी न्यूज/बक्सर**



**आरा।** भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र के कोरी गांव में बुधवार की देर शाम पूर्व के विवाद में मुखिया और पूर्व मुखिया के परिवार के बीच हिंसक झड़प हो गयी। इस दौरान मारपीट और फायरिंग भी हुई। उसमें पूर्व मुखिया के बेटे की गोली लगने से मौत हो गयी। उसे गर्दन और सीने के पास दो गोलियां मारी गयी है। मृतक पूर्व मुखिया रामेश्वर पासवान बम पासवान का 24 वर्षीय पुत्र हरेश पासवान था। घटना में मुखिया संजय चौधरी भी जख्मी हो गए हैं। उनको भी गोली लगने की बात कही जा रही है। हालांकि पुलिस मुखिया को गोली लगने से इनकार कर रही है। उनका इलाज आरा में कराया जा रहा है। मुखिया को हिरासत में ले लिया गया है। घटना को लेकर गांव में अफरातफरी और सनसनी मच गयी। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस पहुंची और छानबीन में जुट गयी। इधर, नवादा थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह भी पुलिस बल के अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से घटना की जानकारी ली। बताया जा रहा है कि वर्तमान और पूर्व मुखिया के परिवार के बीच काफी दिनों से अदावत चल रही है। उसे लेकर बुधवार की देर शाम दोनों के परिवार के लोग भिड़ गए और मारपीट होने लगी। गोलियां भी चलने लगी, जिसमें पूर्व मुखिया के बेटे को गोली लग गयी। इधर, पूर्व मुखिया के परिजनों का कहना है कि हरेश बुधवार की देर शाम घर से दादा का खाना लेकर दालान में जा रहा था। तभी मुखिया के परिजन दरवाजे पर पहुंच गए और हरेश को गोली मार दी। उसके बाद उसे आरा लाया गया।

## फाइलेरिया नेटवर्क समुदाय तक पहुंचा रहे अपनी बात

# फाइलेरिया मरीज गीत सुनाकर जागरुकता की टूटी सड़क को कर रहे समतल

**केटी न्यूज/पटना**



आबा भईया- आबा भईया, आबा भईया- आबा, ई फाइलेरिया के जड़ से मिटाबाह्न पटेल पंडित की यह आवाज और लयबद्ध हो जाती है जब चनेश्वर मांझी इस आवाज को बांसुरी की धुन में पिरो देते हैं। फुलवारी शरीफ के लहियार चक गांव के पटेल पंडित एवं गौणपुरा गांव के चनेश्वर मांझी की यह युगल बंदी सामन्यता गांव में देखी जा सकती है। ऐसे तो यह एक सामान्य घटना लगती है। लेकिन, इनके गीत और संगीत का असर आम लोगों को अधिक होता है। वजह यह है कि दोनों ही कई सालों से हाथीपांव यानी फाइलेरिया से ग्रसित हैं। फाइलेरिया से यूं तो आम लोग परिचित हैं। लेकिन उपेक्षित रोगों की श्रेणी में शुमार होने से अभी भी यह रोग सुदूर गांव की कच्ची सड़कों को पार नहीं कर सका है। लेकिन अब स्थिति बदलने लगी है। फाइलेरिया मरीज अब खुद नेटवर्क बनाकर आम लोगों में रोग के प्रति अलख जगा रहे हैं।

**गीत-संगीत दिलों को छूता है :** फाइलेरिया पर गीत गाते-गाते पटेल पंडित एक गहरे भाव में खो जाते हैं। यह भाव इतना प्रबल होता है जो स्पष्ट उनके चेहरे से दिखता भी है। पटेल पंडित कहते हैं, ह्यह्यगीत-संगीत लोगों के दिल को अधिक छूता है। व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए यह एक असरदार तरीका है। मैं पिछले 20 सालों से फाइलेरिया से ग्रसित हूं। पैर अधिक फूल जाने से कभी-कभी कई दिनों तक बेड पर ही पड़ा रहना पड़ता था। इस रोग के कारण कई बार सामाजिक उपेक्षा का भी सामना करना पड़ता था। फिर एक दिन सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के लोग आकर हमसे मिलें और उन्होंने मेरी पूरी बात भी सुनी। उनलोगों ने मुझे फाइलेरिया नेटवर्क से जुड़ने की सलाह दी। तभी से मैं फाइलेरिया नेटवर्क का हिस्सा हूं। नेटवर्क के जरिए डॉक्टर से मिलने का मौका मिला। उनके द्वारा सुझाये गए उपचार के कारण मेरे पैरों का सूजन भी कमा है। अब फाइलेरिया को जड़ से खत्म करना मेरे जीवन का एक मकसद बन गया है।

**बांसुरी बजाना मेरा शौक था :** पटेल पंडित के गीतों को चनेश्वर माझी अपने बांसुरी से और मधुर बना देते हैं। यही कारण है कि गांव के अन्य लोग भी उन्हें सुनने के लिए जमा हो जाते हैं। गीत के माध्यम से दोनों एमडीए-फाइलेरिया राउंड के दौरान दवा खाने की जरूरत एवं साफ-सफाई पर भी सन्देश देते हैं। वो कई सालों से फाइलेरिया से ग्रसित हैं। पहले रोग के बारे में अधिक जानकारी नहीं थी। लेकिन फाइलेरिया नेटवर्क से जुड़ने के बाद रोग के सभी पहलुओं की जानकारी मिली है। जानकारी से जिम्मेदारी का भाव बढ़ा है। इसलिए हमलोग एमडीए पर लोगों को जागरूक करते हैं।

## रेलवे के निजीकरण के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठे रेलकर्मी

**केटी न्यूज/पटना**

रेलवे के निजीकरण के खिलाफ कर्मचारियों ने बुधवार को पटना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर भूख हड़ताल की। हड़ताल का आवाह्न ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के द्वारा किया गया। यूनियन ने चेतावनी दी अभी सांकेतिक रुप में 12 घंटे की हड़ताल की गयी है, अगर केंद्र सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती है तो बड़ा आदोलन किया जाएगा। इसके कारण परिचालन में भी अगर किसी तरह की बाधा होती है तो उसके लिए रेलवे जिम्मेदार होगा। आंदोलन में शामिल यूनियन के नेताओं ने कहा कि भारतीय रेलवे को निजीकरण और निगमीकरण की नीति से बचाने के लिए ही एआइआरएफ से जुड़े यूनियनों के द्वारा रेल बचाओ-देश बचाओ संघर्ष समितियों का गठन किया गया है। यूनियन की मुख्य मांगों में नई पेंशन स्कीम बंदकर पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने, भारतीय रेल का निजीकरण और निगमीकरण बंद करने, सभी कैटेगरियों को समावेश करते हुए जीडीसीई की अधिसूचना शीघ्र जारी करने, रेलवे के सभी विभागों में सीधी भर्ती करने आरआरबी के दस प्रतिशत पदों को सभी विभागों के लिए एलडीजीई ओपन टू कॉल करके भराने आदि शामिल हैं।

## शहर छोटी खबरें

### शेरशाह कॉलेज के पूर्व प्रभारी प्राचार्य गिरफ्तार

**सासाराम।** जिले के उच्च शिक्षा जगत से बुधवार शाम को एक बड़ी खबर आई, जब पुलिस ने जिला मुख्यालय स्थित शेरशाह कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं वर्तमान प्रोफेसर डॉ कृष्णा प्रसाद प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी का कारण उनपर एक वर्ष पूर्व 18 जुलाई 2021 को सासाराम मुफ्फसिल थाने में दर्ज वह मुकदमा बताया जाता है जिसमें कॉलेज के कर्मियों से वेतन भुगतान के लिए रिश्वत मांगने का आरोप लगा था। उनकी गिरफ्तारी की बात शिक्षक जगत में तेजी से फैली। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी आशीष भारती ने बताया कि शेरशाह के पूर्व प्राचार्य पर सासाराम मुफ्फसिल थाने में राम भरत सिंह के लिखित आवेदन पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। एसपी ने बताया कि पुलिस जिले में पूर्व लंबित मामलों में कार्रवाई के लिए विशेष अभियान चला रही है। इसी क्रम में उक्त मामले में भी आज प्रोफेसर कृष्णा सिंह के करन सराय मुहल्ले में स्थित आवास पर छापेमारी की गई और पूर्व प्रभारी प्राचार्य को गिरफ्तार कर लिया गया।

### अजीमाबाद थाना इंचार्ज लाइन क्लोज

**आरा।** वरीय अफसरों आदेश के बावजूद ट्रक रिलीज नहीं करना अजिमाबाद थानाध्यक्ष अंशु कुमार को महंगा पड़ा। आदेश की अवहेलना करने के मामले में एसपी संजय सिंह द्वारा थानाध्यक्ष अंशु कुमारी को लाइन क्लॉज कर दिया। एसपी द्वारा इसकी पुष्टि की गयी है। एसपी के अनुसार डीएम और खनन विभाग द्वारा ट्रक को रिलीज करने का आदेश दिया गया था। उसके बाद भी थानाध्यक्ष द्वारा ट्रक को रिलीज नहीं किया जा रहा था। इसे काफी गंभीर मामला और आदेश की अवहेलना मानते हुए थानाध्यक्ष को लाइन क्लोज कर दिया गया है। अभी पूरे मामले की जांच की जा रही है। उसके बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

### शाहाबाद में होंगे वीकेएसयू के टूनार्मेंट

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने सत्र, 2022-23 के लिए स्पोर्ट्स कैलेंडर मंगलवार को जारी कर दिया है। कुलपति डॉक्टर शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी, छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ रणविजय कुमार, स्पोर्ट्स सेक्रेट्री डॉ जितेंद्र कुमार और विश्वविद्यालय के पीटीआई यशवंत कुमार की मौजूदगी में सत्र, 2022-23 का स्पोर्ट्स कैलेंडर जारी किया गया।

# अध्यात्म : आरा में रामराज्य गद्दी के साथ लोगों ने उठाया भव्य देवी जागरण का लुत्फ

- अतिथियों को स्मृति चिह्न, अंग वस्त्र व मां की चुनरी से किया गया

**केटी न्यूज/आरा**







रामलीला समिति के तत्वावधान में बीती रात रामराज्य गद्दी के अवसर भव्य देवी जागरण का आयोजन हुआ। जिसमें बिकानेर राजस्थान के अजय सिंह ने नगर रामराज्य गद्दी के अवसर भव्य देवी जागरण का आयोजन कर समा बांधा। कार्यक्रम का उद्घाटन एमएलसी राधाचरण साह सेठ, पुलिस अधीक्षक संजय कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम रंजन चतुवेर्दी, समाजसेवी राजु वर्मा, मेजर राणा प्रताप सिंह, प्रेमपंकज ललन जी सहित समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष प्रेम पंकज उर्फ ललन जी व समिति के पदाधिकारियों ने स्मृति चिह्न अंग वस्त्र व मां की चुनरी से किया। राम राज्यगद्दी के अवसर पर आयोजित देवी जागरण में प्रसिद्ध गायिका अनुपमा यादव ने अपनी मधुर गीतों एवं राजस्थान बिकानेर से अजय सिंह पटना से सत्यम व प्रसिद्ध अनिल तिलकधारी झांकी मंडली हिसार हरियाणा की आकर्षक झांकी लोगों को मन मोह लिया। साथ ही, अनुपमा यादव ने पेहनी ना ललन बाबू पियरिया भैल अरग के बेर छठ की गीत से लोग आनंद विभोर कर दिया। जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। वहीं अनुपमा यादव ने माता के भेंटों से सभी को पूरी रात झुमाया। साथ ही, अजय सिंह ने महाभारत टाईटल सौंग राम सिया राम सिया राम जय राम एवं मां तेरी उंगली पकड़ के चला ममता के आंचल में पला... जैसे शानदार गीतों से पूरी रात समा बांधा। जागरण का संचालन उदघोषक रवि रंजन ने किया।

तत्पश्चात, संजय मिश्रा ने सैक्सोफोन पर छठ भजन "कांच ही बांस के बहंगिया" बजा कर लोगों का मन मोह लिया। वहीं मुन्ना बर्मन जी का बैंड में छोटू बाबा रामाज्ञा जी रतन शर्मा टिंकू सिंह ने अपनी साजसज्जा के प्रस्तूति से सबका मंत्रुग्ध कर दिया। भरत मिलाप झांकी में किशोर दूर्गा पूजा समिति हिन्दू जागरण मंच की झांकी को प्रथम पुरस्कार, रामगढ़िया श्रीराम कला मंदिर द्वितीय एवं चंन्द्र कला मंदिर पड़ाव मोड़ को तृतीय पुरस्कार मिला। पुरस्कार वितरण समारोह निर्णायक मंडल में शामिल कोषाध्यक्ष मदन प्रसाद सचिव शंभु नाथ प्रसाद सह सचिव विष्णु शंकर उपाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता, शंभु नाथ केशरी ने संयुक्त रुप से किया। अन्य सभी झांकियों को भी सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संचालन पर्यावरणप्रेमी आनंद कुमार व धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष सन्नी शाहबादी ने किया।

इस दौरान पूजा, प्रमोद गुप्ता, शैलेंद्र गुड्डु, सरोज सिंह व शंभू नाथ केशरी ने सपत्नीक संपन्न कराया। जागरण में महथं राम किंकर दास, सचिव शंभु नाथ प्रसाद, सह सचिव विष्णु शंकर उपाध्यक्ष, शंभु नाथ केशरी, सन्नी शाहबादी, उदय आनंद, मीडिया प्रभारी आनंद कुमार, राजेश कुमार मुन्नू सिंह, राजीव रंजन, राहुल बदलान, नवीन प्रकाश सिंह, विशाल सिंह, मुन्ना सोनी, उमाशंकर सिंह उर्फ मिठाई लाल, निरज सोनी, प्रमोद गुप्ता, अमन जलान, संतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# प्रखंडों में स्वच्छता जनजागरूकता के तहत चलाया गया हाथ धुलाई कार्यक्रम

## स्कूलों बच्चों को बताए गए स्वच्छता के फायदे, ग्रामीणों के साथ मिलकर की गई सफाई

**केटी न्यूज/जहानाबाद**




जिला उपविकास आयुक्त परितोष कुमार के नेतृत्व में जिले में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत हमारा स्वच्छ-सुंदर गांव अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत गांव को स्वच्छ-सुंदर बनाने के उद्देश्य से सभी प्रखंडों में स्वच्छग्रहियों के माध्यम से सभी स्कूलों में हाथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों को स्वच्छ रखने और अपने व्यवहार में स्वच्छता को अपनाने की शपथ दिलाई गयी। इस क्रम में सभी ग्राम पंचायतों में चयनित सार्वजनिक स्थलों, धर्मिक स्थलों, स्कूल आदि विभिन्न जगहों पर कार्यरत स्वच्छाग्रही स्वच्छता कर्मी, स्वच्छता पर्यवेक्षक, जन-प्रतिनिधि एवं आम जन के सहयोग से व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही, समुदाय को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं अभियान में सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है। जैसे स्वच्छता चौपाल, सफाई-अभियान, जीविका समूहों द्वारा ग्रामीण महिलाओं के साथ बैठक, स्कूलों में बच्चों के साथ स्वच्छता जनजागरूकता अभियान का आयोजन कर स्वच्छ्ता संकल्प, खुले में शौच मुक्ति हेतु निगरानी एवं डोर टू डोर विजिट के दौरान लोगो को स्वच्छता संदेश, शौचालय के निरंतर प्रयोग एवं साफ-सफाई के महत्व, स्कूल रैली आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

*हमारा स्वच्छ-सुन्दर गांव अभियान 31 अक्टूबर 22 तक संचालित किया जाएगा। अभियान अंतर्गत सभी पंचायतो में दीवार पेंटिंग का कार्य भी कराया जा रहा है जिसे समुदाय में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता आ सके। जीविका समूह की दीदियों के द्वारा भी इस अभियान में सहयोग किया जा रहा है। स्कूलों के बच्चों द्वारा गांव गांव में स्वच्छता जनजागरूकता रैली निकाल कर स्वच्छता का अलख जगाया जा रहा है। सभी स्कूलों में बच्चों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। वहीं, सभी को स्वच्छता के बारे में विशेष जानकारी दी गई की अपने घरों को आसपास हमेशा साफ-सफाई रखें तथा स्कूल को भी स्वच्छ रखने में सभी सहयोग करें। साथ ही, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर भी बच्चों को विशेष जानकारी दिया जा रहा है। जिससे गांव में कचड़ा प्रबंधन के प्रति भी घर-घर जन जागरूकता आ सके। इस कार्य में पंचायत प्रतिनिधि भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और अपने पंचायतों में स्वच्छता का अलख जगा रहे हैं।

अभियान में सभी बच्चों को अपने घरों में जाकर परिवार के सदस्यों के बीच साफ सफाई के लिए घर एवं गांव को स्वच्छ बनाने को बताया जा रहा है। सभी बच्चे स्वच्छता के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है। साथ ही, यह शपथ भी ले रहे हैं कि अपने अपने घर और आसपास में कचड़ा का उचित प्रबंधन करेंगे तथा इधर-उधर कचड़ा नहीं फेकेंगे। साथ ही, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे और इसके जगह पर कपड़ा के झोले का उपयोग करेंगे। जिससे पर्यावरण की रक्षा हो सके। स्वच्छाग्रहीयो द्वारा स्कूलों और गांवों में घूम घूम कर हाथ धुलाई कार्यक्रम चलाया गया तथा ग्रामीणों द्वारा गांव मे रंगोली बनाकर गांव में किस ओर गंदगी ज्यादा है इस पर सभी लोगों द्वारा चर्चा की गई। जिसमें गांव को स्वच्छ करने पर विमर्श किया गया। इस कार्य में सभी प्रखण्ड समन्वयक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## एक नजर

### उपचुनाव में दोनों सीट पर जीतेगी महागठबंधन : अखिलेश



**जहानाबाद।** विधानसभा के उपचुनाव में दोनों ही सीट पर महागठबंधन की ही जीत होगी। गठबंधन के सभी घटक दल के लोग पूरी एकजुटता के साथ इस अभियान में लगे हुए हैं। उक्त बातें राज्य सभा सांसद व पूर्व मंत्री अखिलेश प्रसाद सिंह ने स्थानीय परिसदन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। दरअसल राज्यसभा सांसद प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह की जयंती समारोह में शामिल होने को लेकर लोगों को आमंत्रित करने यहां आए थे। जहां उन्होंने कहा कि हम लोग हमेशा से ही श्री बाबू की जयंती मनाते रहे हैं। इस जिले की बड़ी भागीदारी इस बार भी जयंती समारोह में रहेगी। राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा पर अखिलेश सिंह ने कहा की कई दिनों तक मैं भी इस यात्रा में शामिल रहा हूं। यात्रा में लोगों का जनसैलाब उमड़ रहा है। लोगों की भीड़ को देखते हुए राहुल गांधी को सभा तक करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार से आम आवाम त्राहिमाम कर रही है। बढ़ती महंगाई लोगों को परेशान कर दिया है। ऐसे में लोग कांग्रेस की ओर देख रहे हैं।उनके साथ पूर्व विधायक बंटी चौधरी, राजेश मिश्रा, पूर्व जिला पार्षद सह वरिष्ठ नेता गोपाल शर्मा, जिला पार्षद अजय सिंह टुन्नू जिलाध्यक्ष हरिनारायण द्विवेदी राकेश कुमार, रुद्रेश शर्मा कन्हैया शर्मा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। इसके पूर्व कांग्रेस कर्मियों ने कारगिल चौक के समीप अखिलेश प्रसाद सिंह को फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

### तीन दिवसीय सॉफ्ट टेनिस ट्रेनिंग कैम्प संपन्न



**आरा।** स्थानीय ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय में भोजपुर सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन की तरफ से तीन दिवसीय सॉफ्ट टेनिस ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। जिसमें प्रत्येक दिन करीब कक्षा चार से 10 तक के 200 से 250 बच्चों ने सॉफ्ट टेनिस खेलने की ट्रेनिंग ली। ट्रेनिंग देने वाले ट्रेनर्स ने बच्चों में इस खेल के प्रति रुझान और उत्साह को देखते हुए इनको अगले महीने होने वाले सॉफ्ट टेनिस टूनार्मेंट में भाग लेने के लिए तैयार करने की बात की। जिसकी सहमति विद्यालालय के निदेशक डॉक्टर आदित्य बिजय जैन ने सहर्ष प्रदान कर दी। प्रशिक्षण देने आये ट्रेनर्स में आकृत कुमार सिंह, होशियार सिंह, आश्विन कुमार, मेघावी कृति तथा मनीषा कुमारी ने बच्चों को इस खेल के सभी पहलुओं से अवगत कराया। ज्ञान ज्योति के स्पोर्ट्स शिक्षक दीपक कुमार सिंह और अंजलि पांडेय ने प्रत्येक क्लास के बच्चों को अनुशासन में रखते हुए इन तीन दिनों के ट्रेनिंग का सफलता पूर्वक संचालन किया। तीन दिनों के कड़े अभ्यास के बाद बच्चों में इस खेल के प्रति जगे उत्साह को देखते हुए प्रिंसिपल सीपी जैन ने बच्चों को इस खेल में बढ़ चढ़ कर भाग लेने को और प्रोत्साहन दिया। साथ ही, बच्चों में जागी इस नई स्फूर्ति को बरकरार रखने हेतु शुभकामनाएं भी दी। यह विदित है कि अगले महीने भोजपुर सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाले सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता में ज्ञान ज्योति के विद्यार्थी भी बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं।

## डाक विभाग ने मनाया मेल एवं पार्सल दिवस

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

**जहानाबाद।** डाक विभाग द्वारा 9 से 13 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया गया। इसी कार्यक्रम के तहत 11 अक्टूबर को फिलेटली दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जहानाबाद जिला के कई विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। मानस विद्यालय बभना के 497, बाल विद्या मंदिर, मंगलनगर, बभाना के 250, पी पी एम स्कूल के 180, डीएवीके 150, जवाहर नवोदय विद्यालय के 24, साईं सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल के 157, प्रज्ञा भारती स्कूल के 75 बच्चे भाग लिए। इसके अलावे बाल विद्या निकेतन, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल एवं अन्य स्कूलों के बच्चों ने भी भाग लिया। वहीं, 12 अक्टूबर को को मेल एवं पार्सल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जहानाबाद प्रधान डाकघर में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में डाकिया ग्रुप एवं एमटीएस ग्रुप ने भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन श्री अहिश कुमार, डाकपाल, अभय कुमार, मार्केटिंग एक्सक्यूटिव एवं बिपिन कुमार द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में डाकिया ग्रुप से मंजू तिवारी, शैलेश कुमार, सतीश कुमार, जय प्रकाश, पंकज कुमार तथा एम टी एस ग्रुप से सुदर्शन ठाकुर, दिवाकर कुमार, राम एकबाल पासवान, भोला कुमार ने भाग लिया।

## गांजा बेचने पर लगाई फटकार तो डेयरी कारोबारी की कर डाली हत्या, गिरफ्तार

- गिरफ्तारी के बाद आरोपित को ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली ले गई पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**



दिल्ली के गाजीपुर थाना क्षेत्र के शांति मोहल्ला मंडावली में डेयरी कारोबारी की हत्या के आरोपित को आरा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। वह मूल रूप से जमीरा गांव का रहने वाला संजय राय उर्फ प्याली राय है। एक करीब माह पूर्व वह दिल्ल गया था और डेयरी कारोबारी के घर काम करता था?। उसने हथौड़े से वार कर अपने मालिक की हत्या है। पुलिस के अनुसार उसने अपना गुनाह कबूल भी कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद दिल्ली पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर उसे अपने साथ ले गयी। पुलिस अनुसार दिल्ली के गाजीपुर थाने के शांति मोहल्ला मंडावली निवासी स्व.0सत्यवीर सिंह के 26 वर्षीय पुत्र आनंद कुमार की 7 अक्टूबर की रात की रात हत्या कर दी गयी। आनंद कुमार डेयरी का कारोबार करता था। उसका शव आठ अक्टूबर की सुबह डेयरी फार्म से मिला था।उसे लेकर उसकी मां के बयान पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी। जिसके बाद पुलिस की छानबीन में संजय राय का नाम आया। पुलिस के मुताबिक आनंद कुमार ने उसने करीब एक माह पहले डेयरी में गाय-भैंस दूहने के लिए संजय राय को रखा था। इस बीच संजय राय गांजा बेचने लगा। इसकी भनक मिलने पर आनंद कुमार द्वारा संजय की जमकर फटकार लगाई गयी थी। उससे नाराज संजय राय द्वारा आनंद की हत्या कर दी गयी। उसके बाद वह भाग कर अपने गांव आ गया। इधर, हत्या की छानबीन में जुटी दिल्ली पुलिस भी उसका पीछा करते आरा पहुंच गयी और उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

## पीआर क्लासेज में सफल विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**केटी न्यूज/बक्सर**



**आरा।** जिला मुख्यालय में स्थित पीआर क्लासेज में एसएससी सीजीएल, दारोगा, बिहार एसएससी, रेलवे लोकोपायलट, भारतीय सेना एवं बिहार पुलिस में हाल में चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मौके पर संस्था के डायरेक्टर अनुपम कुमार मिश्रा और रजनी कुमारी ने कहा कि लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर- के उस ओर मेहनत किया जाए तो सफलता अवश्य मिलेगी। समारोह में एसएससी सीजीएल में चयनित सतीश कुमार, बिहार दारोगा में चयनित बिट्टू कुमार, पश्चिम बंगाल दारोगा में चयनित आशीष कुमार, बिहार एसएससी एवं रेलवे लोकोपायलट में चयनित राजकुमार जयसवाल, भारतीय सेना में चयनित समर्थ कुमार, बिहार पुलिस में चयनित निशा कुमारी, विशाल ठाकुर, मनीषा कुमारी, शारदा कुमारी एवं अन्य को सम्मानित किया गया। इस मौके पर केबीसी में 50 लाख रुपयाये जीतने वाली पीआर क्लासेज की छात्रा रजनी मिश्रा को भी सम्मानित किया गया। चयनित छात्रों ने अन्य विद्यार्थियों को सफलता के मंत्र दिए और उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर पीआर क्लासेज के शिक्षक अभिषेक मिश्रा, गुड्डू कुमार,नीतू पाठक एवं कई लोग उपस्थित थे।

## ब्लड प्रेशर बढ़ने से बढ़ जाता है हार्ट अटैक का खतरा, निगरानी जरूरी

# मौसम में बढ़ रही ठंड, बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर दें खास ध्यान

- ठंड से बढ़ सकती है मधुमेह और उच्च रक्तचाप की समस्या

**केटी न्यूज/आरा**



हवा में हल्की हल्की ठंड का अहसास शुरू हो चुका है। इस बदलते मौसम में स्वास्थ्य की कुछ समस्याएं यानी सर्दी, खांसी या बुखार की सम्भावना बढ़ जाती है। इस समय हमें अपने घर के बड़े बुजुर्ग लोगों की सेहत का भी खास ख्याल रखने की आवश्यकता है, क्योंकि कई बार बुजुर्ग दूसरों पर ही निर्भर रहते। ठंड के मौसम में सर्दी हो जाना बिलकुल सामान्य बात है, लेकिन यह कोरोना संक्रमण का शुरूआती लक्षण भी हो सकता है। इसलिए बड़े बुजुर्गों पर विशेष स्वास्थ्य संबंधी निगरानी जरूरी है। इस परिस्थिति में किसी प्रकार की चिकित्सा सुविधा के लिए निकट के सरकारी अस्पताल में सम्पर्क कर सकते हैं।

**ठंड मधुमेह, रक्तचाप के साथ कई और स्वास्थ्य समस्याओं को लाता है :** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने बताया, ठंड बढ़ने से बुजुर्गों में डायबिटीज, रक्तचाप जैसी परेशानी के बढ़ने की संभावना भी बढ़ जाती है। दरअसल, मौसम बदलते ही हमारी जीवनशैली भी बदलने लगती है। प्यास कम लगने की वजह से हम पानी कम पीते हैं। इससे कई तरह की समस्या हो सकती है। ठंड के कारण शरीर में खून के संचार के लिए हार्ट को ज्यादा पंप करना पड़ता है। हार्ट का काम बढ़ जाने से ब्लड प्रेशर बढ़ता और फिर हार्ट अटैक का खतरा भी ज्यादा हो जाता है। ठंड के कारण धुंध बढ़ती और धुंध होने की वजह से प्रदूषण के कण नीचे आ जाते, जो हार्ट तक पहुंचते हैं। इससे हार्ट की बीमारी की आशंका बनी रहती है। उम्र के ज्यादा हो जाने के कारण बीमारी से लड़ने की शारीरिक क्षमता कम हो जाती और सर्दी, खांसी, बुखार, बदन दर्द जैसी परेशानियां के साथ बुजुर्गों में सांस की परेशानी या अस्थमा का अटैक सबसे सामान्य समस्या है। इसलिए इससे बचाव के लिए घर में ऑक्सीजन के विकल्प हमेशा तैयार रखें।

**इन बातों का रख कर ख्याल, बुजुर्गों की सेहत का रखें ध्यान :** डॉ. सिन्हा ने बताया कि अस्थमा, डायबिटीज, हाई बीपी, दिल की बीमारी की परेशानी से जूझ रहे बुजुर्गों को इस मौसम में गुनगुना पानी पीना चाहिए। ताकि सर्दी, जुकाम व खांसी की समस्या दूर रहे। गर्म पानी में नमक डालकर गरारे करना काफी फायदेमंद होता है। मॉर्निंग वॉक या योग का सहारा लेकर शरीर और मन को चुस्त दुरुस्त रखें। ज्यादा मसालेदार भोजन से परहेज करें ताकि कब्ज एसीडिटी से बच सकें। संभव हो तो डायबिटीज के मरीज और 60 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग कोलेस्ट्रॉल टेस्ट (लिपिड प्रोफाइल) जरूर कराएं, क्योंकि इस मौसम में शरीर को गर्मी देने के लिए नसें सिकुड़ने लगती और खून गाढ़ा हो जाता है। इससे खून के संचार में परेशानी आती और फिर पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नहीं मिल पाने के कारण दिल का काम आम दिनों के मुकाबले बढ़ जाता है।

## जिले छोटी खबरें

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत



**बक्सर।** स्थानीय रेल खंड के बक्सर व बरूना रेलवे स्टेशनों के बीच एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। इसकी जानकारी मिलते ही रेल पुलिस शव को कब्जे में पहचान के प्रयास में जुट गई है। हालांकि घंटो पहचान नहीं होने के बाद अज्ञात मान ही उसका पोस्टमार्टम भी कराया गया। जीआरपी प्रभारी अखिलेश सिंह यादव ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 25 वर्ष है। आस पास के थानों को उसकी तस्वीर भेज पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### 20 लीटर महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सिमरी।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के नगपुरा मोड़ के पास से गुप्त सूचना पर एक शराब तस्कर को 20 लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान साथ के डेरा गांव निवासी संतोष चौधरी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष सुनील निर्झर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि उसकी गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। उन्होंने बताया कि आवश्यक पूछताछ के बाद तस्कर को जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि हाल के दिनों सिमरी क्षेत्र में शराब तस्करी की घटनाएं बढ़ी है।

# न्यायिक परीक्षा में सफल हुए आशुतोष व दीपक, जिले का नाम किया रौशन

- वरिष्ठ अधिवक्ता के पौत्र तथा लॉ कॉलेज के प्राचार्य के पुत्र हैं आशुतोष
- सीआईडी इंस्पेक्टर रह चुके हैं दीपक के पिता



**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार न्यायिक सेवा (31 वीं) की परीक्षा में जिले के दो युवाओं ने सफलता पा जिले का नाम रौशन किया है। मिली जानकारी के अनुसार बक्सर के निरंजनपुर मोहल्ला के स्व ललित प्रसाद सिंह व गंगोत्री देवी के पुत्र दीपक कुमार ने इस परीक्षा में 92 वां रैंक लाया है। दीपक के पिता स्व ललित प्रसाद सिंह सीआईडी में इंस्पेक्टर रहे चुके थे। दीपक ने अपनी सफलता का राज पिता द्वारा दी गई अच्छी तालीम तथा सेल्फ स्टडी को बताया है। वहीं, दूसरी तरफ वरिष्ठ समाजवादी नेता तथा बक्सर में कपूरी ठाकुर विधि महाविद्यालय के संस्थापक व्यवहार न्यायालय बक्सर के वरिष्ठ अधिवक्ता के पौत्र तथा इस कॉलेज के प्राचार्य कृष्ण अली अलबर्ट के पुत्र आशुतोष कुमार इस परीक्षा में 166 वां रैंक प्राप्त सफलता के झंडे बुलंद किए है। खास यह कि आशुतोष ने पहले प्रयास में ही न्यायिक सेवा की परीक्षा पास कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। उनके इस सफलता से पूरा परिवार गदगद है। परीक्षा परिणाम आते ही मां डॉ पुष्पा सिंह की आंखें खुशी से छलक पड़ी। आशुतोष की इस सफलता पर दादा गणपति मंडल, चाचा प्रो राजेश कुमार सिंह के साथ ही कॉलेज के सचिव डॉ बिनोद कुमार सिंह समेत पूरे कॉलेज परिवार ने आशीर्वाद देते हुए खुशी जाहिर की। गौरतलब है कि आशुतोष ने वर्ष 204 में बीबी उच्च विद्यालय से मैट्रिक, 2006 में एमपी उच्च विद्यालय से इंटरमीडिएट, 2009 में एमवी कॉलेज बक्सर से स्नातक की परीक्षा पास करने के बाद कानून की पढ़ाई के लिए बीएचयू गए थे। आशुतोष ने भी अपनी सफलता के पीछे दादा व पिता के मार्गदर्शन तथा सेल्फ स्टडी को श्रेय दिया है। गौरतल है कि आशुतोष के पिता ने वर्ष 1986 में कपूरी ठाकुर विधि महाविद्यालय की नींव रख कानून के विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा प्लेटफार्म दिया था। दादा द्वारा स्थापित कराए गए लॉ कालेज का प्रतिफल उनके पौत्र को मिल चुका है। जिले के दो होनहारों की इस सफलता के बाद जिलेवासियों में खुशी की लहर है। परीक्षा परिणाम प्रकाशित होने के बाद से ही दोनों परिवारों को लगातार बधाईयां मिल रही है।

**दीपक ने विपरित परिस्थिति में पाई है सफलता :** न्यायिक सेवा की परीक्षा पास करने वाले दीपक ने अनुकूल परिस्थिति के बदले विपरित परिस्थिति में यह सफलता पाई है। उनके मार्गदर्शक व पिता की मृत्यु हो चुकी है। पिता ने ही बचपन से उन्हें अच्छी तालीम दे उच्च पद पर आसीन होने के लिए प्रेरित किया था। दीपक जब इस परीक्षा की तैयारी में लगा था तो उसे पिता की बातें याद थी। पिता की बात को मार्गदर्शन मान दीपक भी तैयारी में लग गया था। आखिरकार उसकी मेहनत रंग लाई तथा वह न्यायिक परीक्षा पास कर न्यायाधीश बनने की राह पर चल पड़ा है। दीपक की कहानी मजबूरी व परिस्थितियों का बहाना बनाने वाले युवाओं के लिए एक मिशाल है। केशव टाइम्स जिले के दोनों होनहार युवाओं को बधाई देने के साथ ही युवाओं को उनसे सीखने की सलाह भी दे रही है।

## दु:खद : केशव टाइम्स न्यूज के निदेशक व पत्रकार अरबिंद कुमार चौबे को मातृशोक

### निधन की खबर पर पत्रकारों तथा बुद्धिजीवियों ने जताया शोक

**केटी न्यूज/ डुमरांव**



पत्रकार की मां देवंती देवी की फाइल फोटो

जिले के वरिष्ठ पत्रकार तथा केशव टाइम्स के संपादक मंडल से जुड़े अरबिंद कुमार चौबे उर्फ चुन्नु चौबे को मातृशोक हो गया है। मंगलवार की रात एक बजे उनकी मां देवंती देवी ने 60 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। वे लंबी बीमारी से जूझ रही थी। उनका निधन पैतृक गांव डुमरी में हुआ है। वे अपने पीछे पति सुरेन्द्रनाथ चौबे, पुत्र अरबिंद के साथ ही नाती पोतों से भरा परिवार छोड़ गई है। बक्सर के मुक्तिधाम चरित्रवन में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इधर, उनके निधन की खबर मिलते ही मीडिया जगत तथा सामाजिक, राजनैतिक संगठनों से जुड़े लोगों में शोक का संचार हो गया है। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है और दुःख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़े होने की बात कही है। केशव टाइम्स परिवार के लिए भी यह अपूरणीय क्षति है। शोक व्यक्त करने वाले पत्रकारों में पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष अविनाश कुमार उपाध्याय, वरिष्ठ पत्रकार अनिल कुमार ओझा, रंजीत कुमार पांडेय, अजय कुमार सिंह, अमरनाथ केशरी, अमित कुमार, मनीष कुमार, रजनीकांत, अनुज शर्मा, संजीव कुमार दूबे, श्रीकांत दूबे, जयप्रकाश मिश्र, रविन्द्र दूबे, सुंदरलाल, सुमित कुमार पांडेय, रविशंकर श्रीवास्तव, वरूण कुमार सिंह, सत्यप्रकाश, अशोक कुमार, चंद्रकांत निराला समेत कई अन्य पत्रकारों के अलावे शिक्षाविद डॉ. रमेश सिंह, ब्रह्मा ठाकुर, रजनीश दूबे, डॉ. एसके सैनी, विश्वामित्र अस्पताल के संचालक डॉ. आरके झा, सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन सिंह, रामबहादूर सिंह समेत सैंकड़ों लोग शामिल रहे।

# मिड डे मील में मेढ़क मिलने के बाद विभाग हुआ सख्त, एनजीओ से मांगा स्पष्टीकरण

- पीएम पोषण योजना के निदेशक सतीश चंद्र झा ने 24 घंटे के अंदर मांगा जवाब
- मेनू के अनुसार फल व अंडे भी नहीं दे रहा है एनजीओ



केटी न्यूज/बक्सर

जिला मुख्यालय स्थित आचार्य नरेन्द्र देव मध्य विद्यालय में बीते सात अक्टूबर को एमडीएम वाले छोला में उबला हुआ मेढ़क मिलने तथा उस दिन छात्रों को मेनू के अनुसार मौसमी फल या अंडा नहीं दिए जाने पर शिक्षा विभाग सख्त हो गया है। मध्याह्न भोजन योजना के डीपीओ के जांच प्रतिवेदन के आधार पर पीएम पोषण योजना के निदेशक सतीश चंद्र झा ने बक्सर में एमडीएम की आपूर्ति करने वाली एनजीओ उज्जव सवेरा समिति से स्पष्टीकरण पूछा है। निदेशक ने एनजीओ को 24 घंटे में अपना जबाव देने को भी कहा है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर को आचार्य नरेन्द्र देव स्कूल में एनजीओ द्वारा छात्रों के खाने के लिए जो छोला पहुंचाया गया था उसमें उबला हुआ मेढ़क पाया गया था। जिसे देख एक रसोईया की तबीयत भी खराब हो गई थी। प्रधानाध्यापक द्वारा इसकी शिकायत डीईओ से की गई थी।

**डीपीओ की जांच में हुई शिकायत की हुई थी पुष्टि :** एमडीएम में उबला हुआ मेढ़क मिलने के बाद डीईओ ने तत्काल एमडीएम के डीपीओ को उक्त विद्यालय में भेज मामले की जांच करवाई थी। डीपीओ ने खुद अपनी आंखों से उबले हुए मेढ़क को देखा था इसके अलावे छात्रों, शिक्षकों तथा रसोइयों ने भी इस बात की पुष्टि की थी। इसके अलावे छात्रों ने डीपीओ को बताया था कि एनजीओ द्वारा मेनू के अनुसार मौसमी फल या अंडा नहीं दिया गया था। डीपीओ ने इसे बेहद गंभीर मामला मानते हुए जांच प्रतिवेदन पीएम पोषण योजना के निदेशक को सौंपा था। जिसके बाद निदेशक ने कार्रवाई के प्रथम चरण में शो कॉज पूछा है।

**कई जगहों से मिलती है एनजीओ की शिकायतें :** ऐसा नहीं कि सिर्फ आचार्य नरेन्द्र देव मध्य विद्यालय में ही ऐसी शिकायतें मिली है। बल्कि जिले के कई अन्य स्कूलों में भी एनजीओ द्वारा मानक और मेनू के अनुसार खाना नहीं दिए जाने के आरोप लगते रहे है। सबसे अधिक शिकायतें शुक्रवार को छात्रों को दिए जाने वाले मौसमी फल या अंडा को लेकर है। कई प्रखंडों से ऐसी शिकायतें मिली है कि एनजीओ द्वारा फल/अंडा नहीं दिया जा रहा है। जबकि कई जगहों से छात्रों के अनुपात में कम मात्रा में भोजन दिए जाने की बात कही जाती है। जानकारों की मानें तो जब से एनजीओ द्वारा एमडीएम को बनाकर स्कूलों में वितरित किया जा रहा है तब से ही ऐसी शिकायतें मिल रही है।

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिशन का अभिन्न अंग है एमडीएम :** मध्याह्न भोजन योजना को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण का महत्वपूर्ण कड़ी माना जाता है। इसके पीछे का मुख्य उदेश्य छात्रों को पौष्टिक भोजन दे उन्हें कुपोषण से बचाना तथा पूरे दिन विद्यालय में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराना है। एमडीएम के कारण सरकारी स्कूलों में न सिर्फ छात्रों उपस्थिति बढ़ी है, बल्कि उनका ठहराव भी पहले के मुकाबले बेहतर हुआ है। लेकिन योजना को पारदर्शी तरीके से लागू नहीं किए जाने से यह महत्वपूर्ण योजना अपने उदेश्य से भटक रही है। गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिशन को धरातल पर उतारने के लिए विभाग और सरकार को इसे पारदर्शी बनाने की जरूरत है।

## घटते भूगर्भ जल के खतरे को लेकर रेंज पदाधिकारी ने लोगों को किया आगाह

**केटी न्यूज/डुमरांव**



कार्यक्रम का उदघाटन करते रेंज पदाधिकारी व अन्य

पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के रेंज पदाधिकारी टीपी सिंह ने तेजी से घट रहे भूगर्भ जल के खतरा से लोगों को आगाह किया है। उन्होंने जल संरक्षण के लिए प्रत्येक घर में सोखता का निर्माण कराने पर जोर देते हुए कहा है कि भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती भूगर्भ जल है। जिस तेज रफ्तार से वाटर लेवल नीचे खिसक रहा है उससे निपटने की तैयारी अभी से करना होगा। वे बक्सर में बाजार समिति प्रांगण में विभागीय डिपो में जल जीवन हरियाली कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा। श्री सिंह ने कहा कि जमीन के नीचे पानी की कमी तेजी से हो रहा है। जो भविष्य के लिए कतई उचित नहीं है। राज्य में यह समस्या अधिकांश जिलों की है। श्री सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में जल स्तर नीचे तक रहा है। कई ऐसे जिले तथा प्रखंड है जहां पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी इस परेशानी का बेहतर उपाय है। जरूरी है कि हर कोई अपने घर के सारे पानी को एक जगह एकत्रित कर सोखता के सहारे जमीन के अंदर कर दे। उन्होंने पौधारोपण पर भी जोर दिया।

रेंजर ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी की एक अच्छी बात यह है कि वे अपने खास दिन को यादगार बनाने के लिए पौधारोपण कर रहे हैं। इसका अनुसरण हर कोई करके अपने जन्मदिन शादी का सालगिरह बेटा बेटी के जन्म उत्सव को लंबे समय तक के लिए यादगार बना सकते हैं। आयोजित कार्यक्रम को मनरेगा से आए कुंदन कुमार तथा नमामि गंगे से आए शैलेश कुमार ने भी संबोधित करते हुए जल जीवन हरियाली कार्यक्रम को हर हाल में सफल बनाने का अंदाज किया। ताकि इसका सुखद एवं सफल परिणाम भविष्य में दिख सकें। इस मौके पर इस वर्ष के अंत तक 50 हजार पौधरोपण संकल्प लिया गया। रेंजर ने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम चल रहा है। जिसमें मनरेगा की भूमिका सराहनीय है।

## रैयती जमीन पर बना दी गई थी सड़क, हाईकोर्ट के आदेश पर एसडीओ ने तुड़वाया

- कनझरूआ पंचायत में निजी जमीन पर मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बना दी गई थी सड़क
- रैयतदार ने हाई कोर्ट में रीट याचिका दायर कर लगाई थी गुहार

**केटी न्यूज/डुमरांव**



सड़क पर बुलडोजर चलवाते एसडीओ

पटना हाई कोर्ट के निर्देश पर डुमरांव एसडीओ पंकज कुमार सिंह ने रैयती जमीन पर बनी पक्की सड़क को जेसीबी से तुड़वा कर रैयतदार को न्याय दिलवाया है। मामला डुमरांव प्रखंड के कनझरूआ पंचायत का है। बता दें कि सोनकी पुल से कनझरूआ पंचायत के मंडसरा गांव मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से पक्की सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा करवाया गया था। लेकिन, जिस जमीन से होकर यह सड़क बनी थी, उसे कनझरूआ के किसान दुर्गादत्त मिश्र अपनी निजी जमीन बता रहे थे। स्थानीय प्रशासन जब उनकी गुहार पर ध्यान नहीं दिया तब वे मजबूर होकर पटना हाईकोर्ट में रीट याचिका दायर किए थे। यहा उनके द्वारा जमीन के रैयती होने के साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। जिसके बाद हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन को इस सड़क को तोड़ने का निर्देश दिया था। इसके बाद बुधवार को एसडीओ पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में इस सड़क को जेसीबी से उखड़वाया गया। इस दौरान उनके साथ डुमरांव सीओ रजनी कान्त, कोरानसराय थानाध्यक्ष जुनैद आलम तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थी। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद रैयतदार को बड़ी राहत मिली है। एसडीओ ने बताया कि हाई कोर्ट के निर्देश पर इस सड़क को हटाया गया है। गौरतलब है कि इसके पहले सिमरी अंचल के बड़का राजपुर गांव में भी निजी जमीन पर बनी सड़क को हाई कोर्ट के निर्देश पर ही हटाया गया था।

## भारतीय किसान संघ की बैठक में किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**चौगाई।** स्थानीय प्रखंड के ठोरी पांडेयपुर गांव में अखिल भारतीय किसान संघ का प्रखंड स्तरीय बैठक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोरखनाथ ओझा की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान किसानों की ज्वलंत समस्याओं पर किसान संघ से जुड़े लोगों ने अपना विचार रखा, जिसमें बारिश नहीं होने के कारण सूखे की स्थिति, पूरे प्रखंड इलाके में सिंचाई संसाधनों का मृतप्राय होना। किसानों को खरीफ और रबी फसल के लिए समय से बीज उपलब्ध नहीं होना और दाखिल खारिज व एलपीसी के लिए किसानों को दर-दर की ठोकरें खाना सहित अन्य कई बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। इन तमाम समस्याओं को किसान संघ का प्रदेश और जिला स्तरीय कमेटी के लोग संबंधित अधिकारियों से मिलकर समाधान के लिए प्रयास करेंगे। बैठक का संचालन भारतीय किसान संघ के हृदयानंद पांडेय ने किया। जबकि किसान संघ के इन्द्रदेव पांडेय, कपिलमुनि पांडेय, संतोष पांडेय, विनायक साहु, श्याम नारायण पांडेय, दशरथ कुम्हार, श्याम बिहारी पांडेय और मनोज पांडेय सहित दर्जनों की संख्या में किसानों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कराई।

## पूर्व चेयरमैन ने पर्व में लूट खसोट को लेकर ईओ पर लगाए संगीन आरोप

- डीएम को पत्र लिख इसकी जानकारी देते हुए जांच कराने की मांग की

**केटी न्यूज/बक्सर**



**डुमरांव।** नगर परिषद का भ्रष्टाचार क्या भगवान पर भी भारी है। नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन कमलेश प्रसाद का कहना है कि पिछले वर्ष दशहरा से लेकर छठ व्रत की तैयारी में नगर परिषद ने 70 लाख रुपये की निकासी कर भ्रष्टाचार का नायाब उदाहरण पेश किया है। उन्होंने डीएम को पत्र लिख इसकी जानकारी देते हुए जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि नप का भ्रष्टाचार भगवान को भी छोड़ने वाला नहीं है। बताया जाता है कि एनजीओ के मजदूरों से मुफ्त में सफाई एवं घाटों का मरम्मत कार्य कराकर दैनिक मजदूरों के नाम पर यह भारी भरकम राशि की निकासी की गई है। यह मामला पिछले वर्ष का है। ताजा मामला यह कि इस वर्ष भी त्योहारों के नाम पर एक बार फिर से बड़ी धनराशि का बंदरबांट करने का ताना बाना बुन लिया गया है। सड़क के गड्ढें की भराई, सफाई तथा घाट के मरम्मत व सौंदर्यीकरण के नाम पर पैसे की निकासी शुरू भी कर दी गई है। पूर्व चेयरमैन कमलेश प्रसाद के दावे में कितना दम है यह अगर डीएम द्वारा मामले की जांच कराई गई, तो सच्चाई का पता चल जाएगा। फिलहाल इस संबंध में पूछे जाने पर गोल मटोल जबाव देते तथा सवाल से बचते हुए नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार का कहना है कि पिछले वर्ष पर्व त्योहार के नाम पर कितनी राशि खर्च हुई है। इसकी जानकारी लेखा पाल ही दे सकते है। उन्होंने कहा कि जो भी काम हुआ था, विभागीय हुआ था।

## गर्भवती महिलाओं को एकमुश्त मिलेगी आयरन व कैल्सियम की गोली

- गर्भकाल की प्रथम तिमाही की प्रसव पूर्व जांच में होगा गोलियों का वितरण
- कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति ने पत्र जारी कर दिए निर्देश
- एएनएम व आशा कार्यकर्ता करेंगी फॉलोअप

**केटी न्यूज/बक्सर**



गर्भवती महिला की जांच करती पांडेयपट्टी की सीएचओ श्वेता सिंह

एक स्वस्थ सुपोषित महिला एक स्वस्थ शिशु की जननी होती है। स्वास्थ्य विभाग एवं राज्य सरकार एनीमिया पर लगाम लगाने के लिए लगातार प्रयासरत है। नियमित अंतराल पर एनीमिया मुक्त कार्यक्रम के तहत कई अभियान चलाये जाते हैं। प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं के लिए गर्भवती महिलाओं में एनीमिया एक प्रमुख कारण माना जाता है। गर्भवती महिलाओं को रक्तअल्पता से बचाने के लिए अब उन्हें अपने गर्भकाल की प्रथम तिमाही में एक मुश्त आयरन एवं कैल्सियम की गोली दी जायेगी। गोलियों का वितरण प्रथम तिमाही के दौरान प्रसव पूर्व जांच के समय होगा।

**प्रथम एवं द्वितीय तिमाही में होगा गोलियों का वितरण :** इस बाबत कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति ने पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं। जारी पत्र में बताया गया है कि गर्भवती महिलाओं को प्रथम तिमाही में प्रसव पूर्व जांच के दौरान 90 आयरन फोलिक एसिड की गोली एवं द्वितीय तिमाही के दौरान 180 आयरन फोलिक एसिड की गोली एवं 360 कैल्सियम की गोली एक मुश्त वितरित की जायेगी। जारी पत्र में निर्देशित है कि धात्री माताओं को 180 आयरन फोलिक एसिड की गोली एवं 360 कैल्सियम की गोली एक मुश्त देना अनिवार्य होगा। वितरित किये गए गोलियों का विवरण एमसीपी कार्ड में भरवाने की जिम्मेदारी अधीनस्थ अधिकारियों की होगी।

**जिले की 55.1 फीसदी गर्भवती एनीमिया से ग्रसित :** राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़ों के अनुसार बक्सर जिले की 55.1 फीसदी गर्भवती महिलायें एनीमिया से ग्रसित हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण- 4 में यह आंकड़ा 49.2 फीसदी था, जो जिले की चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। वहीं, राज्य स्तर पर जहां राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण- 4 में यह आंकड़ा 58.3 फीसदी था, वह राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 में बढ़कर 63 फीसदी हो गया है।

**घरेलु खाद्य पदार्थो से करें एनीमिया पर प्रहार :** आम तौर पर घर में पाए जाने वाली हरी पत्तेदार सब्जियां, चना, मड़ुआ का आटा, सोयाबीन आदि जैसे ऐसे खाद्य पदार्थ हैं। जिनका सेवन किसी भी गर्भवती महिला को एनीमिया से सुरक्षित रख सकता है।


विश्वामित्र हॉस्पिटल

इमरजेंसी सेवा उपलब्ध 24x७

गोलम्बर,बक्सर

लेप्रेस्कोपिक एवं जेनरल सर्जरी

दोस्तों नमस्कार

आपको लोगों को सूचित किया जाता है कि विश्वामित्र हॉस्पिटल गोलम्बर बक्सर में प्रत्येक रविवार को डा. यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होगा। अतः अनुरोध है कि दूरबीन विधी द्वारा जरूरतमंद मरीजों को विश्वामित्र हॉस्पिटल गोलम्बर बक्सर स्थित भेजने में आप सब सहयोग करें।



डॉ. आर.के. झा

डायरेक्टर

विश्वामित्र हॉस्पिटल गोलम्बर,बक्सर

मोबाईल नम्बर - 9122950441

## छोटी खबरें

### बाइक चोरी कर चोरों ने दी नवागत थानाध्यक्ष को सलामी

**बलिया।** थाने का प्रभार ग्रहण करने के दूसरे ही दिन चोरों ने बाइक चोरी कर नवागत थानाध्यक्ष को सलामी दे दी। पीड़ित ने थाने मं बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई। भीमपुरा थाना क्षेत्र के सीऊरा गोपालपुर निवासी दीपक चौहान अपने बाइक से नगरा बाजार आये थे। बाजार के यूनियन बैंक के पास बाइक खड़ी कर एटीएम से पैसा निकालने गए। एटीएम से बाहर आये तो देखा कि बाइक नहीं है। काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक की कोई जानकारी नहीं मिली। पीड़ित ने आसपास के लोगों से भी इस बारे में पूछताछ की किन्तु बाइक का पता नहीं चला। इसके बाद पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है।

### सड़क किनारे खड़ी ट्राली से टकराई बाइक, युवक की मौत

**बलिया।** जिले के गड़वार थाना अंतर्गत पियरिया चट्टी के समीप सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से एक बाइक असंतुलित होकर टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना मंगलवार रात की है। गड़वार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के पहाड़पुर निवासी राजेंद्र यादव (40) बांसडीह पावर हाउस के गार्ड के रूप में काम करते थे। वे देर शाम बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। तभी पियरिया चट्टी के पास उनकी बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। हादसे में युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रोते-बिलखते बुरा हाल है।

### नेता जी के निधन से आहत है पूरा देश : प्रदेश उपाध्यक्ष

**बलिया।** देश के पूर्व रक्षा मंत्री तथा उत्तर प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके मुलायम सिंह यादव के निधन से सभी दल के नेताओं के साथ पूरे देश में शोक की लहर छा गई है। अरविंद यादव कालिका चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जननायक पार्टी ने सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नेताजी के निधन से पूरे देश में शोक की लहर हैं। माननीय नेता जी गरीबों, किसानों के आवाज थे नेताजी के जाने से छोटे-बड़े गरीब नौजवान किसान सभी रो रहे हैं माननीय नेता जी के निधन से पूरा देश आहत में है भारतीय जन नायक पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ने ईश्वर से नेताजी के गतात्मा को शांति देने के लिए प्रार्थना किए हैं।

# करवा चौथ का व्रत आज, कृतिका नक्षत्र व सिद्धि योग के सुयोग में होगा व्रत

**केटी न्यूज/बलिया**



अखंड सुहाग की कामना से सुहागिन महिलाएं 13 अक्टूबर को कार्तिक कृष्ण चतुर्थी के दिन करवा चौथ का व्रत करेंगी। पति की लंबी उम्र व उन्नत गृहस्थ जीवन के लिए इस बार यह व्रत ग्रह गोचरों के शुभकारी संयोग में मनाया जायेगा। करवा चौथ के दिन चतुर्थी माता (करवा माता) और गणेश की पूजा की जायेगी। सुहागिन महिलाओं को करवा चौथ का व्रत करने से अखंड सौभाग्य व पति को अक्षुण का आशीर्वाद प्राप्त होता है। आचार्य पीयूष चौबे ने कहा कि करवा चौथ के दिन कृतिका नक्षत्र के साथ सिद्धि योग, बव करण और चंद्रमा वृष राशि में विद्यमान रहेगा। उन्होंने बताया कि करवा चौथ को दिनभर उपवास कर शाम को सुहागिन महिलाएं शिव-पार्वती, रिद्धि-सिद्धि सहित गणेश, कार्तिकेय व चंद्रमा की पूजा करने के बाद चंद्र को चलनी से देखकर उन्हें अर्घ्य देती हैं। शास्त्रीय मान्यताओं के अनुसार चलनी से पति को देखने से पत्नी के व्यवहार और विचार दोनों छन कर शुद्ध हो जाते हैं। आचार्य पीयूष चौबे ने बताया कि करवा चौथ करने वाली व्रती महिलाएं 12 अक्टूबर की मध्यरात्रि के बाद और सूर्योदय से पूर्व सरगही करेंगी। सास के हाथों व्रती महिलाएं सरगही के सामान ग्रहण करेंगी। सरगही की थाली में सास अपनी बहुओं को कपड़े, नारियल, फल मेवा आदि सौंपती है। सरगही करने के बाद महिलाएं व्रत का संकल्प लेंगी और पूरे दिन उपवास रखकर पति की लंबी आयु की कामना करती हैं।

इस दिन, विवाहित महिलाएं ज्यादातर लाल रंग के कपड़े पहनती हैं क्योंकि रंग एक विवाहित महिला का प्रतीक है। वे उत्सव के एक भाग के रूप में अपने हाथों पर मेहंदी लगाते हैं। वे पूरे दिन उपवास रखते हैं और करवा चौथ व्रत कथा सुनाकर और लोक गीत गाकर एक साथ मनाते हैं - ये सभी इसे एक जीवंत त्योहार बनाते हैं। करवा चौथ पूजा में महिलाएं भी देवी पार्वती की पूजा करती हैं, उसके बाद भगवान शिव, भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय की पूजा करते हैं। बाद में चांद के दर्शन करने के बाद व्रत तोड़ा जाता है।

महिलाओं के पति की लंबी उम्र के लिए उपवास रखने के पीछे एक किंवदंती महाभारत-युग की है। ऐसा माना जाता है कि द्रौपदी ने भी अपने पति की सुरक्षा और लंबी उम्र के लिए यह व्रत किया था। इसके अनुसार जब अर्जुन नीलगिरी में तपस्या के लिए गए थे, तो उनकी अनुपस्थिति में बाकी पांडवों को कई मुद्दों का सामना करना पड़ा। तभी द्रौपदी ने भगवान कृष्ण को उनकी मदद के लिए याद किया। श्रीकृष्ण ने उन्हें याद दिलाया कि ऐसी ही स्थिति में पहले देवी पार्वती ने भगवान शिव के लिए व्रत रखा था। इससे प्रेरित होकर द्रौपदी ने भी अपने पतियों के लिए करवा चौथ का व्रत रखा। जिसके फलस्वरूप, पांडव अपनी समस्याओं का सामना करने और उन्हें दूर करने में सक्षम हुए।

**करवा चौथ पूजा मुहूर्त**

- संध्या 07 बजकर 45 बजे से 09 बजकर 02 बजे तक
- मुहूर्त काल : 01 घंटा 18 मिनट
- उपवास काल : सुबह 06 बजकर 16 बजे से रात्रि 09 बजकर 02 बजे तक
- व्रत-उपवास का समय : 14 घंटे 16 मिनट
- चंद्रोदय व अर्ध का समय : रात्रि 09 बजकर 02 बजे से

# एसडीएम का एक्शन : अवैध तरीके से चल रहे नर्सिंग होम को कराया सील

- सैदपुर में स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई से सहमे नर्सिंग होम संचालक

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जिले के सैदपुर में अवैध तरीके से संचालित निजी नर्सिंग होम के खिलाफ मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर बुधवार को एसडीएम ओम प्रकाश गुप्ता और सैदपुर सीएचसी के अधीक्षक डॉ. संजीव कुमार सिंह ने छापेमारी की। जिसमें एक नर्सिंग होम को सील कर संचालक खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया। वहीं, एक अन्य नर्सिंग होम को सील करने की कार्रवाई जारी है। वहीं, मामले की जानकारी होने के बाद एक नर्सिंग होम के संचालक हॉस्पिटल का बोर्ड उखाड़ कर सारे सामान सहित फरार हो गया।

बताया जाता है कि जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संचालित सभी निजी नर्सिंग होम संचालकों को निर्देश दिया था कि नर्सिंग होम के बाहर वहां काम करने वाले डॉक्टर से लेकर सभी कर्मचारियों का नाम लिखा बोर्ड होना चाहिए। लेकिन, ज्यादातर फर्जी निजी नर्सिंग होम संचालक ऐसा नहीं कर रहे थे। जिसके क्रम में मंगलवार की शाम को उप जिलाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता और सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. संजीव कुमार सिंह ने कार्रवाई शुरू कर दी।

**मरीज मिले, लेकिन चिकित्सक गायब :** तत्पश्चात टीम और औड़िहार के शादी भाजी मार्ग स्थित न्यू लीलावती हॉस्पिटल पहुंची। जांच के दौरान कागज में तैनात कोई भी डॉक्टर मौके पर उपस्थित नहीं मिला। जबकि हॉस्पिटल में कई मरीज भर्ती मिले। हॉस्पिटल के लोग ना तो हॉस्पिटल में संचालित मेडिकल स्टोर का कोई कागज नहीं दिखा पाए और ना ही मानक के अनुरूप हॉस्पिटल के संचालन का ही कागजात दिखा पाए। इसके बाद इस हॉस्पिटल को भी सीज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल शिफ्ट कर दिया गया।

**अवैध तरीके से चलने वाले अस्पताल होंगे सील**

मामले में उप जिलाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि अवैध तरीके से लापरवाही पूर्वक निजी हॉस्पिटल चलाने वाले किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शा जाएगा। जो भी स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शों का पालन नहीं करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. संजीव कुमार सिंह ने बताया कि जांच के दौरान बी एस हॉस्पिटल स्वास्थ्य विभाग के निर्देश अनुसार संचालित नहीं होना पाया गया। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए हॉस्पिटल को सील कर दिया गया।

**मरीजों को शिफ्ट करने के बाद किया गया सील**

कार्रवाई के दौरान दोनों अधिकारी सैदपुर नगर स्थित बीएस हॉस्पिटल पर पहुंचे। यहां निर्देश अनुसार हॉस्पिटल के बाहर एक भी डॉक्टर और कर्मचारी का नाम लिखा बोर्ड नहीं मिला। मानक के अनुसार हॉस्पिटल का संचालन नहीं पाए जाने पर हॉस्पिटल के मरीजों को सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिफ्ट कर सील कर दिया गया। इसके बाद सीएचसी के अधीक्षक डॉ संजीव सिंह द्वारा देर रात सैदपुर कोतवाली में हॉस्पिटल संचालक के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया।

**कार्रवाई की भनक लगते अस्पताल छोड़ भागा संचालक**

बुधवार की दोपहर को भी छापेमारी के क्रम को जारी रखते हुए एसडीएम ओम प्रकाश गुप्ता और सीएचसी के अधीक्षक डॉ. संजीव सिंह पुलिस बल के साथ खाने के बगल में संचालित सौरभ हॉस्पिटल पर पहुंचे। यहां कारवाई की भनक लगने पर पहले ही हॉस्पिटल के बोर्ड बैनर के साथ सभी सामानों सहित, उसे अन्यत्र अज्ञात स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया। काफी देर तक हॉस्पिटल का दरवाजा पीटने पर पास के लोगों ने बताया कि सारा सामान लेकर हॉस्पिटल संचालक कही जा चुके हैं।

## एक नजर

### डीएम ने ऑडिटोरियम व मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण, खामियां देख लगाई फटकार



**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने विकास भवन स्थित निमार्णाधीन ऑडिटोरियम और मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने ऑडिटोरियम निर्माण में बनाये गये बीम और दीवार का लेवल सही नहीं होने पर कार्यदायी संस्था को फटकार लगाई। एक सप्ताह में सही कराने का निर्देश दिया। मेडिकल कॉलेज में लेक्चर हाल एवं अन्य दीवारों पर सीलन लगे होने और ब्वॉज हॉस्टल में साफ-सफाई का अभाव, गन्दे पड़े वाटर कूलर, हॉस्टल के भवन पर लिफ्ट के लिए छोड़े गये स्थान को खुला पड़ा देखकर प्रोजेक्ट मैनेजर को फटकार लगाई। एक सप्ताह में दीवार की सीलन दूर करने और 24 घंटे में लिफ्ट वाले स्थान को पैक कराने और शौचालयों की सफाई के निर्देश दिए। डीएम आर्यका अखौरी सबसे पहले निमार्णाधीन आडिटोरियम हाल पहुंची। वहां उन्होंने कार्यदायी संस्था से परियोजना के प्रारम्भ होने की अवधि, बजट आवंटन और परियोजना के पूर्ण होने की अवधि एवं कार्यों में प्रयोग होने वाले मैटेरियल्स की जानकारी ली। नक्शा के माध्यम से निर्माण कार्य को देखा। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि निर्माण में प्रयोग होने वाले मैटेरियल्स की जांच सरकारी लैब में ही कराई जाये। निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल रखा जाए। इसमें लापरवाही बरतने पर कार्रवाई होगी।

### माफिया मुख्तार अंसारी के सहयोगी गणेश मिश्रा की 14.20 करोड़ की संपत्ति कुर्क



**गाजीपुर।** जिले में माफिया मुख्तार अंसारी गैंग के सदस्य गणेश मिश्रा पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मुख्तार अंसारी के खास गणेश मिश्रा की 14.20 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। पुलिस ने गणेश मिश्रा की सदर कोतवाली क्षेत्र के रजदेपुर में स्थित संपत्ति के साथ चार भू-सम्पत्तियां भी कुर्क की हैं। पुलिस प्रशासन ने गैंगस्टर एक्ट 14(1) के तहत गणेश मिश्रा पर कुर्की की कार्रवाई की है। मुख्तार अंसारी के सहयोगी गणेशदत्त मिश्रा के नाम से रजदेपुर देहाती में अराजी संख्या 113 में 153 वर्ग मीटर भू-संपत्ति, 76.2 वर्ग मीटर भू-संपत्ति, कपूरपुर एनएजेड तहसील सदर में 0.207 हेक्टेयर भू-संपत्ति, जिसमें क्रेता गणेशदत्त मिश्रा द्वारा रकबा 0.08952 हेक्टर की बिक्री के पश्चात रकबा 0.11748 हेक्टेयर अर्थात 1174.8 वर्ग मीटर शेष है। इसी रजिस्ट्री में गणेशदत्त मिश्रा द्वारा अराजी संख्या 139/6 रकबा 0.254 अर्थात 2540 वर्ग मीटर भू-संपत्ति और सहयोगी गणेश दत्त मिश्रा के पिता शिव शंकर मिश्रा नाम से मौजा रजदेपुर देहाती तहसील सदर में अराजी संख्या 174 में रकबा-0.026 हेक्टेयर अर्थात 260 वर्ग मीटर भू-संपत्ति कुर्क की गई है। इसकी कीमत कुल मिलाकर 14 करोड़ 20 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक रोहन प्रमोद बोत्रे ने बताया कि यह कुर्की की कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई है। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस ने डुगडुगी बजवाकर कुर्की की कार्रवाई को पूरा किया।

## बलिया से जल्द शुरू होगा 20 मार्गों पर अत्याधुनिक बसों का संचालन

**तिलक कुमार/बलिया**



जिले की सड़कों पर जल्द ही अत्याधुनिक सुविधाओं वाली बसें दौड़ती नजर आएंगी। सरकार की योजना के मुताबिक बलिया, मऊ और आजमगढ़ में अत्याधुनिक सुविधाओं वाली बसें चलाई जाएंगी। 20 से ज्यादा मार्गों पर बसों का संचालन होगा।सरकार को प्रमुख फोकस बलिया पर है। यहां के रोडवेज बस अड्डे को पीपीपी मॉडल पर विकसित किए जाने की रणनीति बनी है। इस प्रोजेक्ट को शासन को भेज दिया गया है। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलते ही रोडवेज अड्डा का काम शुरू होगा।

आजमगढ़ क्षेत्रीय प्रबंधक केशरी नंदन चौधरी ने बताया कि सरकार की मंशा करवाई बस अड्डे से नई बस सेवाएं शुरू करने की है। इसमें साधारण से लेकर सीएनजी, वोल्वो, शताब्दी बसें, कुर्सी शयनान, मिड सेगमेंट, हाई और एसी, साधारण बसें शामिल है। जिसको करवाई बस अड्डे से शुरू किया जाना है। इन बसों का लाभ अत्यधिक ग्रामीणों को मिल सके। बस को अनुबंधित करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू कर दी जाएगी। सरकार ने बलिया, मऊ, आजमगढ़ डिपो के अधिकारियों ने 78 बसें को अनुबंधित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बसें ग्रामीणों को वाराणसं, लखनऊ, प्रयागराज कानपुर इत्यादि शहरों का सफर कराएंगी। सरकार के रोडमैप मुताबिक सात योजनाओं के जरिए बसों को अनुबंधित किया जाना है। अफसर जरूरत पर सीएनजी बस सेवा भी शुरू कर सकेंगे।

## 35 के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा 39 बड़े बकायदारों के कनेक्शन कटे

- विद्युत विभाग एवं विजिलेंस टीम ने संयुक्त रूप से बिजली चोरी के खिलाफ चलाया अभियान

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जिले के जमानिया क्षेत्र स्थित देवैथा के अलावा अन्य विभिन्न गावों में आज बुधवार को विद्युत विभाग एवं विजिलेंस टीम के द्वारा संयुक्त रूप से विद्युत चोरी में लिप्त लोगों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके चलते उपभोक्ताओं में हडकम्प मच गया। इस संयुक्त अभियान के तहत टीम के द्वारा 95 उपभोक्ताओं के कनेक्शनों की जांच की गई। 35 लोगों को मीटर से बाईपास केबल के जरिए उपयोग करते पाए जाने पर उनके खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसके अलावा टीम के द्वारा 39 बकायदारों के कनेक्शन काट दिए गए। संयुक्त टीम ने 20 नये कनेक्शन देने के अलावा 15 नये मीटर लगाए। वहीं, 17 लोगों से 3.50 लाख बकाया राजस्व की वसूली भी की। विद्युत विभाग जमानिया चतुर्थ के एक्सीयन हेमंत सिंह ने बताया कि जमानिया क्षेत्र में शिकायत मिल रही है। अधिकांश उपभोक्ता मीटर से बाईपास केबल के जरिए विद्युत का उपयोग कर रहे हैं जो विद्युत अधिनियम के बिल्कुल खिलाफ है।

**वसूली करने के लिए गठित की जाएगी स्पेशल टीम :** उन्होंने बताया कि ऐसे उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर उन्हें नोटिस भेजने की कार्यवाई की जा रही है। जिनसे राजस्व की वसूली व जुमार्ने के साथ उनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया जायेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं को चेताया कि चोरी के तहत विद्युत का उपयोग न करें। एक्सीयन हेमंत सिंह ने बताया कि जमानियां क्षेत्र में विद्युत चोरी के चलते लाइन लास ज्यादा हो रही है। उपभोक्ताओं से वसूली के लिए स्पेशल टीम गठित की जायेगी। जो बकाया राजस्व की वसूली करेगी अब किसी भी स्थिति में लाइन लास नहीं होने दिया जायेगा। उन्होनें उपभोक्ताओं से आह्वान किया कि एक माह के अंदर बकाया जमा कर दें, अन्यथा जुमार्ना व मुकदमा दोनों की कार्रवाई तय है। अभियान में बिजिलेंस निरीक्षक स्वदेश सिंह, सहायक अभियंता कमलेश प्रजापति, विजिलेंस अवर अभियंता पंकज चौहान, अवर अभियंता तपिश कुमार सहित आदि विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

### 15 व 16 को गाजीपुर के 16 केंद्रों पर होगी पीईटी परीक्षा, सीसीटीवी से होगी निगरानी



**गाजीपुर।** जिले में डीएम आर्यका अखौरी ने प्रारंभिक अर्हता परीक्षा 2022 की लिखित परीक्षा को नकल विहीन, निर्विघ्न और सकुशल सम्पन्न कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जोनल/सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापकों को इसके लिए जुट जाने को कहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि 15 अक्टूबर एवं 16 अक्टूबर को चार पालियों (प्रत्येक दिवस दो पालियों) में परीक्षा होनी है। पहली पाली सुबह 10 से 12 बजे तक और दूसरी पाली 3 से शाम 5 बजे तक कराया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए जनपद गाजीपुर में निर्धारित 16 परीक्षा केन्द्रों पर 35,520 परीक्षार्थियों का आवंटन किया गया है। परीक्षा सही तरीके से संपन्न कराने के लिए 2 जोनल मजिस्ट्रेट, पांच सेक्टर मजिस्ट्रेट और 23 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल लगाया गया है। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर एवं 16 अक्टूबर को चार पालियों में आयोजित होने वाली पीईटी 2022 में परीक्षा केन्द्रों पर एक या दो-दो स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है।

# पुरानी पेंशन बहाली और निजीकरण के विरुद्ध जारी रहेगा अटेवा का संघर्ष

- पंदह में अटेवा की जागरूकता, सदस्यता व सहयोग अभियान बैठक आयोजित
- संगठन के पदाधिकारियों ने की जिलेवासियों से अटेवा का साथ देने की अपील

**केटी न्यूज/बलिया**



बैठक में शामिल अटेवा के सदस्य

जिले की अटेवा, संघटित व सशक्त ब्लॉक इकाई पंदह के तत्वावधान में बुधवार को जागरूकता, सदस्यता व सहयोग अभियान बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय खेजुरी नम्बर-1 के सभागार में हुआ। संगठन के प्रदेश स्तरीय अधिकारियों के निर्देशन पर अटेवा के सदस्यता अभियान को धार देने के लिए आयोजित इस बैठक का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येन्द्र राय ने मां सरस्वती और पेंशन शहीद रामाशीष सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाली और निजीकरण के विरुद्ध अटेवा का संघर्ष अनवरत चल रहा है। पंदह की क्रांतिकारी धरती पर वो यहां सभी को पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन की मुहिम में अटेवा के प्रति आपसी सहयोग और समर्थन मांगने के लिए आए हैं। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि क्रांति की धरा बलिया के लोग पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन में अटेवा का साथ देकर इस आंदोलन को धार देने का काम करेंगे। आज सदस्यता व सहयोग बैठक में सभी लोगों की वृहद उपस्थिति ने अटेवा के आंदोलन पर मुहर लगाकर संगठन की स्वीकार्यता को बल प्रदान किया है।

विशिष्ट अतिथि प्रदेश मंत्री विजय कुमार यादव बूढ़नपुरी जी ने पेंशन आन्दोलन में अटेवा की भूमिका और संघर्ष को रेखांकित करते हुए कहा कि पेंशन हमारा हक है और इसको हम लेकर रहेंगे। इसके लिए हमारा संघर्ष निरंतर चलता रहेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडलाध्यक्ष ओम प्रकाश राय ने अपने संबोधन में कहा कि अटेवा ही एकमात्र संघटन है, जो पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रमुखता से संघर्षरत है और मुझे विश्वास है कि बहुत जल्द हमारा आंदोलन सफल होगा और पुरानी पेंशन पूरे देश में बहाल होगी।

कार्यक्रम में समीर पांडेय (जिला संयोजक), लक्ष्मण सिंह (जिला महामंत्री), संजीव कुमार सिंह (जिला मीडिया प्रभारी), मुकेश गुप्ता (पंदह अध्यक्ष), राम प्रवेश यादव, रास बिहारी, अभिषेक राय, राजीव कुमार गुप्ता (जिला कार्यकारिणी सदस्य), सुनील कुमार सरगम, मिथिलेश जी, अवधेश सिंह, संदीप सिंह ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिराम प्रसाद (प्रधानाध्यापक) और संचालन जिला प्रवक्ता अटेवा विनय राय ने किया। इस कार्यक्रम में अमर नाथ यादव, रियाज अहमद, सुमन यादव, प्रियंका गुप्ता, अर्चना गुप्ता, निर्मला देवी, प्रिया गुप्ता आदि मौजूद थे।